13250/हि/24
13/09

डा. सं. 2655 अ.स. (प्रशासन)/
Dy. No 2655 A.S (AD)/
दिनांक / Date 13/9/24

Joint Secretary (RBB, I&T)
डा. सं./ Dy. No. 253
दिनांक / Date 17/9/24

ई-11017/01/2021-हिंदी
भारत सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय
राष्ट्रपति भवन
****

नई दिल्ली, दिनांक 11 सितम्बर, 2024

विषयः 14 सितम्बर, 2024 को हिंदी दिवस के अवसर पर मंत्रिमंडल सचिव का संदेश।

अधोहस्ताक्षरी को 14 सितंबर, हिंदी दिवस के अवसर पर मंत्रिमंडल सचिव के संदेश की एक प्रति आवश्यक कार्रवाई के लिए संलग्न करने का निदेश हुआ है।

(आशीष मल्होत्रा)
उप सचिव (प्रशासन)
दूरभाषः 23018467

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।

डॉ. टी.वी. सोमनाथन
Dr. T.V. Somanathan

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

मंत्रिमंडल सचिव
भारत सरकार
CABINET SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

भाषा किसी भी देश की पहचान होती है। यह न केवल वहां के लोगों को एकजुट करती है, बल्कि उन्हें उनकी संस्कृति और इतिहास का भी परिचय देती है। भारत जैसे बहुभाषी देश में हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जो देश के अधिकांश हिस्सों में बोली और समझी जाती है। हिंदी की इसी विशेषता को ध्यान में रखते हुए 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था और तभी से प्रत्येक वर्ष यह दिन "हिंदी दिवस" के रूप में मनाया जाता है।

हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ, देश की एकता और अखंडता का प्रतीक भी है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिंदी भाषा शिक्षा, व्यवसाय, प्रशासन और साहित्य के क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रयोग की जा रही है। हिंदी ने भारत को वैश्विक मंच पर पहचान दी है और हिंदी भाषा के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत दुनिया भर में प्रचारित और प्रसारित हो रही है।

हिंदी के महत्व को समझते हुए इसे बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के समस्त कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को अपना अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिंदी में करना चाहिए और भारत की राजभाषा हिन्दी को विकास के मार्ग पर आगे ले जाना चाहिए।

आइए, हिंदी दिवस के इस अवसर पर हम सब मिलकर राजभाषा हिंदी को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।

जय हिंद।

सोमनाथन

14 सितम्बर, 2024

(टी.वी. सोमनाथन)

Cabinet Secretariat, Rashtrapati Bhavan, New Delhi-110004
Tel.: 011-23016696, 23011241 Fax : 011-23018638 E-mail : cabinetsy@nic.in